संख्या-374/2025/आई/1104839/41-2002-001-86-2025-CN-1971415

प्रेषक,

सर्वेश कुमार सिंह,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन,
उ0प्र0, लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग-2 **लखनऊ, दिनांक 29 सितम्बर, 2025**

विषयः- जनपद चित्रकूट के तहसील मऊ में स्थित परानू बाबा मंदिर के पर्यटन विकास कार्य की परियोजना को निरस्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-275393/6-1-1/चि0धा0ती0वि0प0(193)/2023-24 दिनांक 15.09.2025 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा जनपद चित्रकूट तहसील मऊ में स्थित परानू बाबा मंदिर के पर्यटन विकास कार्य की परियोजना स्थल वन क्षेत्र में होने के कारण वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्राप्त न हो पाने के दृष्टिगत परियोजना को निरस्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त शासनादेश संख्या-831/2023/5068/001-41-2023-468-Budget-2023, दिनांक 06-11-2023 द्वारा जनपद चित्रकूट के तहसील मऊ में स्थित परानू बाबा मंदिर के पर्यटन विकास कार्य की परियोजना को निरस्त किये जाने का निर्णय लिया गया है। कृपया तदनुसार शासनादेश संख्या-831/2023/5068/001-41-2023-468-Budget-2023, दिनांक 06-11-2023 द्वारा अवमुक्त की गयी धनराशि रू0 112.00 लाख (रू0 एक करोड़ बारह लाख मात्र) को ब्याज सहित राजकोष में जमा कराते हुए उक्त की सूचना शासन को एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सर्वेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, पर्यटन विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- जिलाधिकारी, चित्रकूट ।
5- प्रभारी, एन0आई0सी0 सेल, मुख्यमंत्री कार्यालय, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सी0एम0आई0एस0 पोर्टल (**सी0एम0आई0एस0 संख्या-202400002600402**) पर दर्ज प्रश्नगत परियोजना को पोर्टल से हटाने (डिलीट) के सम्बन्ध में अग्रतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।
6- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ ।
7- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट करपोरेशन लि0, लखनऊ।
8- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
9- क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी (रा0यो0), पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
10- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
11- उप निदेशक पर्यटन, चित्रकूट धाम मण्डल, चित्रकूट।
12- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(सर्वेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in